नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

Northern Coalfields Limited
(A Miniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

जनसंपर्क विभाग /Public Relations Department

CIN- U10102MP1985GOI003160
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company
पोस्ट- सिंगरौली कोलियरी,जिला- सिंगरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889
Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

पत्र क0 एनसीएल/ज0स0वि0/प्रेसवि0/2017–18/93 दिनांक– 01/06/2017

प्रेस विज्ञप्ति

एनसीएल में कार्य करने पर गर्व : श्री के पी वेंकटेश्वर राव

एनसीएल परिवार ने मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री राव को दी भावभीनी विदाई

अभिनंदन कार्यक्रम में एनसीएल परिवार का आभार जताते हुए श्री राव ने दिए सतर्कता के कई अहम मंत्र

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) परिवार ने बुधवार को कंपनी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री के पी वेंकटेश्वर राव को भावभीनी विदाई दी। कंपनी मुख्यालय स्थित अधिकारी मनोरंजन गृह के सभागार में श्री के पी वेंकटेश्वर राव एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती के. मालती लता राव के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कंपनी के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री गुणाधर पांडेय, कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती प्रतिमा पांडेय, एनसीएल मुख्यालय एवं कंपनी की सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकगण तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने इस अभिनंदन समारोह में शिरकत की और कंपनी की अभूतपूर्व उपलब्धियों में श्री राव के योदगान से जुड़े संस्मरण साझा किए। एनसीएल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में श्री राव के अप्रतिम योगदान को यादगार बनाने हेतु कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री तापस कुमार नाग द्वारा लिखित मानपत्र एवं पूरे एनसीएल परिवार की ओर से लिखित मानपत्र श्री राव को भेंट किए गए।

एनसीएल में मिले अगाध प्रेम, स्नेह एवं आत्मीयता के लिए श्री राव ने एनसीएल परिवार का तहे दिल से आभार जताते हुए श्री राव ने एनसीएल में अपने पांच वर्ष के कार्यकाल को एक सुनहरा सफर बताया और कहा कि वे एनसीएल से अनगिनत मीठी यादों के साथ विदा हो रहे हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि एनसीएल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने सार्वजिनक क्षेत्र के उपक्रमों की कार्यपद्धति, मंत्रालय की देखरेख में कामकाज के तौर-तरीकों सहित टेंडरिंग-प्रोक्योरेमेंट आदि से

CIN- U10102MP1985GOI003160
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company
पोस्ट- सिंगरौली कोलियरी,जिला- सिंगरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889
Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

जुड़े कार्यों की व्यापक समझ हासिल की, जिनका लाभ उन्हें अपने करियर में आगे जरूर मिलेगा।

श्री राव ने कहा कि वे बचपन से ही राष्ट्र की सेवा करना चाहते थे और इसी उद्देश्य से उन्होंने पुलिस सेवा जॉइन की। जब वे नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड आए और कंपनी को दी गई जिम्मेदारी देखी और राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों के लिए कंपनी के हर सदस्य में दिन-रात मेहनत कर कोयला निकालने का जज्बा देखा, तो पाया कि कोल माइनिंग एक बेहद कठिन व दुरूह कार्य है और इस उद्योग के लोग भी राष्ट्र सेवा की अद्भुत मिसाल पेश कर रहे हैं। ऐसे में, मुझे गर्व है कि मैंने एनसीएल में कार्य किया है।

बतौर मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) अपने कार्यकाल के अनुभवों का निचोड़ साझा करते हुए श्री राव ने कहा कि कार्य के दौरान हर सरकारी मुलाजिम को यह ध्यान देना चाहिए कि उनके इरादें पारदर्शी, स्पष्ट और नेक हों; वें अपने अधीनस्थों एवं हितग्राहियों के साथ न्याय करे तथा आपसी तालमेल व निर्भरता को बढ़वा देते हुए अपने कार्य से जुड़े विषयों पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपना बेस्ट संस्थान को दे। उन्होंने कहा कि उनका अनुभव बताता है कि कार्य के दौरान नियमों आदि की जानकारी के अभाव में ज्यादातर गलतियां होती हैं, लिहाजा उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्रिवेंटिव विजिलेंस यानी निवारक सतर्कता पर विशेष बल दिया। उन्होंने एनसीएल के ब्रैंड इमेज को बढ़ावा दिए जाने में कंपनी के महिला मंडलों के योगदान की भी विशेष सराहना की।

श्री राव के अभिनंदन उद्‌बोधन में कंपनी के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री गुणाधर पांडेय ने कहा कि जब श्री राव ने एनसीएल में बतौर सीवीओ कार्यभार संभाला, तो कंपनी कई तरह के झंझावातों के दौर से गुजर रही थी। यह श्री राव की सकारात्मक सोच एवं समय-समय पर कंपनी के शीर्ष नेतृत्व को दिया गया मार्गदर्शन ही है कि एनसीएल ने गत मार्च में खत्म वित्त वर्ष में अब तक का सर्वाधिक 84.10 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया और 83.46 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया, जो कंपनी को दिए गए वार्षिक लक्ष्य से भी अधिक रहा। एनसीएल

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

Northern Coalfields Limited
(A Miniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

जनसंपर्क विभाग /Public Relations Department

CIN- U10102MP1985GOI003160
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company
पोस्ट- सिंगरौली कोलियरी,जिला- सिंगरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889
Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

के अधिकारियों का मनोबल मजबूत कर उनमें नई ऊर्जा एवं स्फूर्ति भरने के लिए श्री पांडेय ने श्री राव का विशेष आभार जताया।

अमलोरी परियोजना के महाप्रबंधक श्री चंचल गोस्वामी तथा कोल माइंस ऑफिसर्स असोशिएशन ऑफ इंडिया (सीएमओएआई) के एनसीएल के जनरल सेक्रेटरी श्री सर्वेश सिंह ने भी श्री राव की अनूठी कार्यशैली से जुड़े अपने संस्मरण साझा किए। एनसीएल सतर्कता विभाग की ओर से मुख्य प्रबंधक (सतर्कता) श्री मदन मोहन पाठक ने श्री राव के कार्यकाल के दौरान की विशिष्ट उपलब्धियों की तफसील से चर्चा की।

एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के तकनीकी सचिव श्री पी के विश्वाल ने सीएमडी की ओर से श्री राव के लिए लिखित मानपत्र का वाचन किया तथा अमलोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री एस के झा ने एनसीएल परिवार की ओर से श्री राव के लिए लिखित मानपत्र का वाचन किया।

गौरतलब है कि श्री के पी वेंकटेश्वर राव ने 31 मई 2012 को एनसीएल में बतौर मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) अपनी सेवाओं की शुरुआत की और इस कंपनी में उन्होंने 30 मई 2017 तक इस पद पर अपनी सेवाएं दीं। वे मध्य प्रदेश कैडर के 1995 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं और फिलहाल इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) ऑफ पुलिस के ओहदे पर हैं। एनसीएल का अपना कार्यकाल संपन्न कर वे मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल के लिए पदोस्थापित हुए हैं। एनसीएल में आईटी के इस्तेमाल जैसे ई-प्रोक्योरमेंट, ओआईटीडीएस, जीपीएस आधारित वीइकल ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, कोल नेट, लैंड डेटा के डिजिटाइजेशन, बायोमेट्रिक अटेंडेंस, 3डी टेरेस्ट्रियल लेजर स्कैनर, ड्रोन सर्विलांस की पहल, एसएफएमएस के जरिये बैंक गारंटी वेरिफिकेशन, ऑनलाइन बिल ट्रैकिंग सिस्टम समेत कई अन्य कार्यों से पारदर्शिता को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। कंपनी में खेल व मनोरंजन की सुविधाओं को नया आयाम दिलाने तथा एडुकेटिव विजिलेंस के तहत बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों की ट्रेनिंग दिलाए जाने की उनकी पहल भी उनके कार्यकाल की एक सशक्त उपलब्धि रही है।

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

Northern Coalfields Limited
(A Miniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

जनसंपर्क विभाग /Public Relations Department

CIN- U10102MP1985GOI003160
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company
पोस्ट- सिंगरौली कोलियरी,जिला- सिंगरौली, म.प्र., पिन 486889/ Post- Singrauli Colliery, Distt- Singrauli, M.P. PIN-486889
Phone: 07805- 266808, (FAX) 266640 email: pro.ncl@coalindia.inwebsite : www.nclcil.in

जनसंपर्क अधिकारी